**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 04.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. रंगों का त्योहार होली आज पूरे देश में मनाया जा रहा है।
2. अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से चाथम कॉजवे ब्रिज के मरम्मत कार्य के संबंध में निविदा आवंटित की गई है।
3. इंडिया स्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वीपसमूह के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण सहित कुल तेरह पदक हासिल किए है।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से मासिक हार्बर सेक्टर पास बुक करने के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की गई है।

<><><><><><><>

रंगों का त्योहार होली आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि होली आनंद और उत्सव का त्योहार है जो सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। होली के इस अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि रंगों का त्योहार होली, प्रेम, सद्भाव और एकजुटता के उन स्थायी मूल्यों का प्रतीक है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि होली के ये रंग हमारी विविध संस्कृति की समृद्धि को दर्शाते हैं। उन्होंने सभी से शांति, भाईचारे और सद्भाव का संदेश फैलाने का अनुरोध किया। सांसद बिष्णु पद रे ने होली के अवसर पर द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाईचारे के बंधनों को मजबूत करने, प्यार और खुशियाँ फैलाने और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को मिलकर मनाने का अवसर है। अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम. विनोद ने भी द्वीपवासियों के साथ सभी पर्यटकों को शुभकामनाएँ दी हैं।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से चाथम कॉजवे ब्रिज के मरम्मत कार्य के संबंध में निविदा आवंटित की गई है। अब इसका मरम्मत कार्य इस माह के मध्य से शुरू होगा। यह पुल श्री विजयपुरम को चाथम द्वीप से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा है। निविदा आवंटन के बाद, कार्यदायी संस्था ने प्रारंभिक व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं। इस परियोजना का कार्य मेसर्स संरचना स्ट्रक्चरल स्ट्रेंथनिंग प्राइवेट लिमिटेड, पुणे को सौंपा गया है, जो विशेष पुल मरम्मत कार्यों में विशेषज्ञता रखने वाली एक अनुभवी एजेंसी है। परियोजना को पूरा करने की निर्धारित अवधि छह महीने है। पुल पर प्रतिबंधित आवाजाही के कारण स्थानीय समुदाय को हो रही परेशानियों को देखते हुए, द्वीप प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य कठिनाइयों को कम करना और श्री विजयपुरम एवं चाथम द्वीप के बीच जल्द से जल्द निर्बाध संपर्क बहाल करना है।

<><><><><><><>

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), अंडमान निकोबार राज्य केंद्र ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ संयुक्त रूप से 'सतत भविष्य के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग' विषय पर विश्व इंजीनियरिंग दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में भविष्य के निर्माण में नवीन इंजीनियरिंग समाधानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के कॉर्पोरेट सदस्यों के साथ–साथ डीब्रेट के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागों के छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान सेबी के स्मार्ट ट्रेनर मोहन रामकृष्ण ने 'प्रतिभूति बाजार – स्तर 1' पर प्रस्तुति दी। उन्होंने प्रतिभूति बाजार के बुनियादी सिद्धांत, निवेशक जागरूकता और वित्तीय साक्षरता, सतत आर्थिक विकास को मजबूत करने में स्मार्ट वित्तीय निर्णयों की भूमिका पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

हाल ही में भुवनेश्वर में आयोजित इंडिया स्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वीपसमूह के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तकनीकी और व्यावसायिक कौशल में पूर्वी भारत के प्रतिभागियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए ऑनसाइट और ऑफसाइट दोनों कार्यक्रमों में कुल तेरह पदक हासिल किए। इंडियास्किल्स पूर्वी क्षेत्र की श्रेणी में चार स्वर्ण, पांच रजत, चार उत्कृष्टता पदक शामिल है। स्वर्ण और रजत पदक विजेता अब मार्च के अंत में आयोजित होने वाली इंडियास्किल्स नेशनल प्रतियोगिता में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा 'विजुअल मर्चैंडाइजिंग' और 'इंटेलिजेंट सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी' में टीम को वॉकओवर मिला है, जिससे वे सीधे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। राष्ट्रीय विजेताओं को सितंबर में चीन में होने

वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस दल का नेतृत्व आई टी आई के प्रधानाचार्य वेंकटेश सी एच., प्रभु राज और अनीशा अहमद ने किया। प्रशासन युवाओं, स्कूल छोड़ने वाले छात्रों और नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को आईटीआई और प्रशिक्षुता कार्यक्रमों में नामांकन के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

<><><><><><><>

नागरिक–केंद्रित सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मासिक हार्बर सेक्टर पास बुक करने के लिए 24X7 ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। यह पहल दैनिक यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह कदम सरकार के 'ई–गवर्नेंस' के विजन के अनुरूप है, जिससे नागरिकों को टिकट काउंटर पर जाए बिना, आवश्यक परिवहन सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मौजूदा मैनुअल टिकट काउंटरों के अलावा मासिक पास की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा भी प्रदान की जा रही है। काउंटर सेवा पहले की तरह ही काम करती रहेगी। निदेशालय की यह पहल अपने संचालन को आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप के लिए श्री विजयपुरम से शाम की फेरी सेवा को पुनः शुरू किया जा रहा है। निदेशालय शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप के लिए सीधी फेरी सेवाओं का संचालन करेगा। इसके तहत श्री विजयपुरम से शहीद द्वीप के लिए दोपहर ढाई बजे और शहीद द्वीप से श्री विजयपुरम के लिए साढ़े चार बजे यह सेवा उपलब्ध रहेगी। स्वराजद्वीप के लिए श्री विजयपुरम से जलयान प्रतिदिन शाम पांच बजे और स्वराज द्वीप से अगले दिन सुबह साढ़े पांच बजे शहीद द्वीप होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। सेवाएं नौ मार्च से प्रभावी होंगी। यात्री टिकटों का वितरण छः मार्च से शुरू होगा।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने कहा है कि जहाज एम.वी. सिंधु छः मार्च को सुबह छःबजे हैडो जेट्टी से मायाबंदर के लिए प्रस्थान करेगा और जहाज उसी दिन दोपहर एक बजे मायाबंदर से श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। इस यात्रा के लिए यात्री विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से टिकट बुक कर सकते हैं। ऑनलाइन बुकिंग आज सुबह 9 बजे से उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए, पोर्टल से सीधे जुड़ने के लिए एक क्यू आर कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध शतरंज प्रशिक्षक और प्रमोटर, अंतरराष्ट्रीय मास्टर अक्षत खम्पारिया द्वीप समूह के दौरे पर है। इस अवसर पर अंडमान निकोबार शतरंज संघ आज शाम चार बजे से तक मरीना पार्क में चेस साइमलटेनियस एक्जीबिशन आयोजित करने जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय शतरंज प्रेमियों और उभरते खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मास्टर के साथ संवाद कर सकते हैं। जो खिलाड़ी इस प्रदर्शनी में भाग लेना चाहते हैं, वे जल्द से जल्द एसोसिएशन के कार्यालय कार्यकारी जी. सुधा से संपर्क कर सकते हैं। प्रविष्टियां 'पहले आओ–पहले पाओ' के आधार पर स्वीकार की जाएंगी।

<><><><><><><>

इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र के लिए सभी कार्यक्रमों में नवीन प्रवेश की अंतिम तिथि 15 मार्च तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के स्नातक विद्यार्थियों तथा प्रथम वर्ष के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अगले वर्ष में पुनः–पंजीकरण की अंतिम तिथि भी 15 मार्च तक बढ़ा दी है।

<><><><><><><>